बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-298
02/09/2019

मुख्यमंत्री ने पद्मश्री प्रो0 आनंद स्वरूप आर्या के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

पटना 02 सितम्बर 2019 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के पूर्व सदस्य एवं आई0आई0टी0 रूड़की के स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग के प्रख्यात प्रोफेसर पद्मश्री आनंद स्वरूप आर्या के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा है कि प्रोफेसर आनंद स्वरूप आर्या को भूकम्परोधी संरचनाओं की डिजाइन के लिये हमेशा याद जायेगा। वे ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड के अध्यक्ष भी रह चुके थे। उन्हें अनेक राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय पुरस्कारों से भी सम्मानित किया गया था। उनके निधन से तकनीकी शिक्षा एवं स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुयी है।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******